>

Title: Need to check illegal sand mining in river-bed of Ganga in Bhadohi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही) : हमारा संसदीय क्षेत्र भदोही गंगा व वरूणा नदी के बीच स्थित है, जहां गंगा नदी से अवैध रूप से बालू का खनन निर्बाध गति से चल रहा है। वर्तमान समय में कुछ गंगा घाटों पर जैसे इब्राहिमपुर तथा अन्य घाटों पर मशीनों द्वारा व्यापक पैमाने पर अवैध रूप से रेती (बालू) निकाला जा रहा है। क्षेत्रीय जनता की शिकायत के बावजूद यह अवैध खनन जनपद के कई गंगा घाटों पर धड़ल्ले से चल रहा है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है और नियम के विरूद्ध भी है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र भदोही में गंगा घाटों पर हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए तत्काल निर्देशित करें।